लोक सभा अध्यक्ष ने श्री आर. के. लक्ष्मण के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 26 जनवरी, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने श्री आर. के. लक्ष्मण के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा: "मुझे श्री आर. के. लक्ष्मण के निधन के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ है। अपने जाने-माने कार्टून चरित्र, कॉमन मैन के लिए सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट, श्री लक्ष्मण ने पचास साल से भी अधिक समय तक आम आदमी के जीवन के अनेक पहलुओं को छुआ और उनकी समस्याओं और आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति दी। मैं उनके शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ।”